11 May 2022

## Important News: World

### 1. श्री लंका में शूट एट साइट के आदेश :

**चर्चा में क्यों :**




- हाल ही में रलक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने प्रेस को यह जानकारी दी की सशस्त्र बालों को ऐसे किसी भी व्यक्ति को देखते ही गोली मार देने के आदेश दिए गए हैं जो सार्वजनिक संपत्ति को नुक्सान पहुंचने का प्रयास कर रहा हो

**विस्तृत जानकारी :**

- श्री लंका में स्थिति गृह युद्ध का रूप लेने लगी है
- जबसे शांतिपूर्वक प्रदर्शन पर सरकार समर्थक लोगों द्वारा हमला किया गया है तबसे ही लोगों ने आक्रामक रुख अपना रखा है
- ऐसे कई दृश्य सामने आ रहे हैं जहा लोग सरकारी संस्थानों एवं राजनेताओं पर हमले करते दिखलाई डी रहे हैं
- वही दूसरी ओर पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने नौसेना के ठिकाने में अपने परिवार के साथ शरण ले रखी है
- शासन के विरुद्ध प्रदर्शनों के दौरान जनता निरंतर आपातकालीन एवं कर्फ्यू के उपबंदों का उल्लंघन कर रहे हैं
- IMF एवं वर्ल्ड बैंक ने जल्द ही श्री लंका के दिवालिया होने की आशंका जताई है

**भारत का रुख :**

- भारत सरकार श्री लंका की जनता को हो रही कठिनाइयों के प्रति संवेदनशील है
- यह चाहती है की जल्द ही श्री लंका में सामान्य स्थिति स्थापित हो
- हालांकि भारत ने राजपक्षे परिवार पर सीधे तौर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है
- भारतीय हिट में यह आवश्यक है की लंका में सामन्य स्थिति स्थापित हो

**Important News: India**

## 2. भारतीय जनगणना का डिजिटलीकरण :

**चर्चा में क्यों:**




- हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह ने यह घोषणा की कि अगली जनगणना डिजिटल तरीके से कि जाएगी

**विस्तृत जानकारी :**

- शाह दो दिनों के लिए असम के आधिकारिक दौरे पर हैं
- राजधानी गुवाहाटी में डायरेक्टरेट ऑफ़ सेन्सस ऑपरेशन्स (असम) बिल्डिंग की आधारशिला रखते हुए श्री शाह ने यह घोषणा की
- शाह ने कहा की यह प्रयास किया जाएगा की प्रश्नोत्तरी मोबाइल फ़ोन के माध्यम से ही करा ली जाए
- जनगणना के कार्य को सम्पादित करने हेतु नवीन सॉफ्टवेयर का सृजन किया जा रहा है
- यह प्रयास भी किया जा रहा की जन्म एवं मृत्यु सम्बंधित आंकड़ों को सीधे जनगणना से जोड़ा जा सके ताकि इसमें त्वरित अपडेट की व्यवस्था हो सके
- इस डाटा को निर्वाचन सूची से भी जोड़ा जाएगा ताकि जैसे ही कोई व्यक्ति वयस्क हो उसका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके

**अन्य तथ्य :**

- भारत में सर्वप्रथम जनगणना 1872 में हुई थी
- जबकि नियमित दशकीय जनगणना का शुभारम्भ 1881 से हुआ
- पिछली जनगणना 2011 में हुई थी
- कवीड-19 महामारी के कारण पहली बार जनगणना की प्रक्रिया में विलम्ब किया गया है

**महत्त्व:**

- यह रियल टाइम डाटा उपलब्ध करा सकेगा
- इससे दशकीय जनगणना प्रतिस्थापित किया जाएगा
- अब जनगणना में अपडेट के लिए १० वर्षों तक प्रतीक्षा नहीं करनी होगी
- साथ ही मानव श्रम में भी कमी आएगी

**Important News: Security**

### 3. मोहाली अपडेट:

**चर्चा में क्यों:**



- प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है की इस हमले के पीछे पाकिस्तान के गैंगस्टर का हाथ है

**विस्तृत जानकारी :**

- ज्ञातव्य हो की परसो मोहाली स्थित पुलिस मुख्यालय पर एक हमला किया गया था
- इस हमले में आर पी जी का प्रयोग किया गया था
- यह कयास लगाए गए थे की यह हमला किसी न किसी तरह पाकिस्तान से जुड़ा हुआ है
- हालांकि इस हमले में किसी के हताहत होने जी कोई खबर नहीं है
- जाँच में यह सामने आया है की इस हमले के पीछे हरविंदर सिंह (रिंडा ) का हाथ है
- रिंडा एक पाकिस्तानी गैंगस्टर है

**Important News: Polity**

### 4. देश द्रोह बनाम सिविल अधिकार :

**चर्चा में क्यों :**




- हाल ही में भारत सरकार ने उच्चतम न्यायलय में सेक्शन 124 A के पुनरावलोकन करने के आश्वासन हेतु हलफनामा दायर किया है

**विस्तृत जानकारी :**

- गृह मंत्रालय ने कोर्ट को आश्वासन दिया है की वह सेक्शन 124 A के प्रावधानों में आवश्यक संशोधन करेगी
- उक्त प्रविधि में देशद्रोह से सम्बंधित उपबंध किए गए हैं

- इन प्रावधानों को नागरिक स्वतंत्रता एवं मानवाधिकारों के विरुद्ध माना जाता है
- महान्यायवादी वेणुगोपाल ने कोर्ट को इस दिशा में जल्द कदम उठाने का आश्वासन दिया
- इस दौरान न्यायलय ने सरकार से यह भी पूछा की क्या उसे केदारनाथ सिंह बनाम बिहार राज्य वाद के पुनरावलोकन की आवश्यकता है
- जिसके जवाब में वेणुगोपाल ने इसकी आवश्यकता से इंकार किया उन्होंने न्यायलय से इस दिशा में थोड़ा प्रतीक्षा करने का आग्रह किया
- उन्होंने यह भी आश्वासन दिया की राष्ट्र सुरक्षा एवं नागरिक स्वतंत्रता के मध्य समन्वय बैठाया जाएगा

**सेक्शन 124A:**

- सेक्शन 124A भारतीय दंड संहिता का उपबंध है
- इसका सृजन भारतीय संसद द्वारा नहीं बल्कि अंग्रेज़ों द्वारा किया गया था
- इसकी ड्राफ्टिंग "थॉमस मैकाले " द्वारा 1870 में की गई थी
- यह उपबंध राज्य को यह अधिकार देता है की वह किसी भी व्यक्ति को 3 वर्षों के लिए जेल भेज सके यदि वह राज्य के विरुद्ध दुर्भावना फैला रहा हो
- इसके अंतर्गत व्यक्ति द्वारा कहे गए शब्द, उपयोग किए गए चिन्ह अदि भी सम्मिलित हैं
- इसके कारण यह उपबंध सरकार को असीमित शक्तिया दे देता है जिसका दुरुपयोग किया जा सकता है

## 5. मध्य प्रदेश के पंचायत चुनाव:

**चर्चा में क्यों:**



- हाल ही में उच्चतम न्यायलय ने मध्य प्रदेश सरकार को OBC आरक्षण के बिना पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव संपन्न करानेका निर्देश दिया है

**विस्तृत जानकारी :**

- न्यायलय ने राज्य सरकार को उसके द्वारा दिए गए OBC आरक्षण को लागू किए बिना पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव करवाने का आदेश दिया है
- यह विषय जस्टिस ए एम् खानविलकर, ए एस ओका एवं सी टी रविकुमार के सम्मुख लंबित था
- कोर्ट ने दो सप्ताह के भीतर निर्वाचन विज्ञप्ति जारी करने का आदेश दिया है
- साथ ही अन्य राज्यों को भी ये निर्देश मानाने को कहा है

- न्यायलय का कहना है की उक्त निर्णय सिर्फ महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के लिए नहीं है बल्कि सम्पूर्ण देश के लिएहै
- साथ ही यह भी स्पष्ट किया की सरकार को आरक्षण लागू करने से पूर्व "ट्रिपल टेस्ट" पास करना आवश्यक है
- इस टेस्ट में पैनल की नियुक्ति, वार्डवार उपयुक्त आंकड़ों का समाकलन एवं 50 % की सीलिंग का अनुपालन सम्मिलित है
- कोर्ट ने यह भी दोहराया की निर्वाचन प्रक्रिया को और लंबित नहीं किया जा सख्त क्योंकि यह संवैधानिक रूप से बाध्यकारी है

**सरकार का रुख:**

- यह कहा जा रहा है की सरकार रिव्यु पेटिशन का रास्ता अपना सकती है

**जानकारों का मत:**


- संवैधानिक जानकारों का यह मन्ना है की इस सन्दर्भ में रिव्यु पेटिशन की कोई गुंजाईश नहीं है

**Important News: Environment & Weather**

### 6. चक्रवात आसानी:

**चर्चा में क्यों :**

- यह आशंका जताई जा रही है की आसानी चक्रवात आज ही आंध्र के तट पर पहुंच जाएगा



**विस्तृत जानकारी:**

- यह एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात है
- इसने अपनी दिशा बदल ली है एवं यह काकीनाडा एवं विशाखापट्टनम की ओर बढ़ रहा है
- इसके प्रभाव के कारण इससे पूर्व ओडिशा के तट पर भरी वर्षा हुई
- मौसम विभाग के महनिदेशक मृत्युंजय महापात्र के अनुसार इसकी गति निरंतर कमी आ रही है और जब तक यह आंध्र तट पर पहुंचेगा इसकी गति 60 - 70 kmph रह जाएगी
- तटीय अधिकारीयों को अलर्ट कर दिया गया है

- मछवारों को गहरे समुद्र में ना जाने की सलाह दी गई है

**उष्णकटिबंधीय चक्रवात:**


- यह घूर्णन करता हुआ पवन है जो अपने साथ मौसम परिवर्तन भी लेकर आंत है
- यह एक निम्न दाब तंत्र है
- इसके केंद्र को "चक्रवात का नेत्र" कहा जाता है

## Important News: Personality

### 7. पं शिवकुमार शर्मा :

**चर्चा में क्यों :**

- विगत रात्रि मुंबई में श्री शर्मा का निधन हो गया



**विस्तृत जानकारी :**

- शर्मा जी एक प्रसिद्द संतूर वादक थे
- उन्हें ह्रदय आघात हुआ था
- उनके बाद उनके परिवार में उनकी पत्नी मनोरमा एवं दो बच्चे राहुल और रोहित शर्मा हैं
- संतूर जम्मू कश्मीर का पारम्परिक वाद्य यंत है
- इसे इसकी वर्तमान प्रसिद्धि शर्मा जी ने ही दिलवाई है

**शर्मा जी के बारे में कुछ तथ्य :**

- इनका जन्म जम्मू कश्मीर के जम्मू में हुआ था
- ये मूल रूप से एक कश्मीरी पंडित थे
- इन्हे कई पुरस्कारों जैसे संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, पद्मा श्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है
- इन्होने अनेक बार तबला वादक ज़ाकिर हुसैन एवं बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के साथ काम किया है
- इन्होने अनेक हिंदी फिल्मो जैसे चांदनी, सिलसिला आदि में भी अपना योगदान दिया था